# 13. बंदर गया खेत में भाग




बंदर गया खेत में भाग,
चुट्टर-मुट्टर तोड़ा साग।

आग जलाकर चट्टर-मट्टर,
साग पकाया खद्दर-बद्दर।

सापड़-सूपड़ खाया खूब,
पोंछा मुँह उखाड़कर दूब।

चलनी बिछा, ओढ़कर सूप,
डटकर सोए बंदर भूप।




© NCERT
not to be republished



## क्या बिछाया, क्या ओढ़ा?

**बंदर चलनी बिछाकर, सूप ओढ़कर सो गया।**
**लिखो, ये कैसे सोएँगे?**

| | | क्या बिछाएँगे? | क्या ओढ़ेंगे? |
|---|---|---|---|
| हाथी | : | ........................ | ........................ |
| चींटी | : | ........................ | ........................ |
| गिलहरी | : | ........................ | ........................ |
| शेर | : | ........................ | ........................ |






**झटपट झटपट, खटपट खटपट**

साग पकाया ..........खद्दर बद्दर..........
खाया सबने ..................................
पानी पिया ..................................
मारे खर्राटे ..................................
गिरे पलंग से ..................................

© NCERT not to be republished



## भागो, भागो, भागो!!

बंदर खेत से साग तोड़कर भागा। कौन-कौन से काम करने के बाद तुम्हें भागना पड़ता है?

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

## इसमें कितनी तरह की टोपियाँ और पगड़ियाँ हैं? बताओ।



© NCERT not to be republished



